FORM G (THIRD)
INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST
M/S SRS REAL INFRASTRUCTURE LIMITED OPERATING IN REAL ESTATE AT HARYANA

(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016

RELEVANT PARTICULARS		
1.	Name of the corporate debtor along with PAN/CIIN/LLP No.	SRS Real Infrastructure Limited CIN L65910HR1990PLC040431
2.	Address of the Registered Office	SRS Multiplex, Top Floor City Centre, Sector-12 Faridabad Haryana, 121007
3.	URL of website	https://srsrealinfracirp.in/
4.	Details of Place where majority of fixed assets are located	Faridabad, Rewari, Panchkula, Palwal, Rohtak (All places are in State of Haryana)
5.	Installed capacity of main products/ services	Development and Construction of Commercial and Residential Projects.
6.	Quantity and value of main products/ services sold in last financial year	As per the available, there is no operation of Corporate Debtor in last few years.
7.	Number of employees/ workmen	Nil
8.	Further details including last available financial statements (with schedules) of two years, lists of creditors, relevant dates for subsequent events of the process are available at:	The required details can be sought by E-mail at cirp.srsreal@gmail.com by submitting the confidential undertaking.
9.	Eligibility for resolution applicants under section 25(2) (h) of code is available at:	The eligibility criteria can be downloaded from website https://srsrealinfracirp.in/
10.	Last date for receipt of expression of interest	24-09-2023
11.	Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants	04-10-2023
12.	Last date for submission of objections to provisional list	09-10-2023
13.	Process email id to submit EOI	cirp.srsreal@gmail.com

Sd/-
Amarpal
Resolution Professional of SRS Real Infrastructure Ltd
IBBI/IPA-001/IP/ P-01584/2018-2019/12411
AFA Valid Upto 23.11.2023
Address: E-11, Lower Ground Floor, Jangpura Extension, New Delhi-110014

Date 9th Septemebr, 2023
Place: New Delhi

शराब के लिए पैसा न देने पर कर दी थी दोस्त की हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 8 सितंबर।

नोएडा के बरौला क्षेत्र का मामला, सिर पर किया था ईंट से वार, आरोपी शव को झाड़ियों में छिपाकर फरार हो गया था।

बरौला टी प्वाइंट के पास केबल की दुकान पर काम करने वाले युवक ने विवाद में ढाबे पर काम करने वाले अपने दोस्त की सिर और मुंह पर ईंट से वार कर हत्या कर दी। शराब के रुपए नहीं देने के चलते घटना को अंजाम दिया गया।

बताया गया है कि दोनों ने पहले शराब पी थी। आरोपी ज्यादा शराब पीना चाहता था। लेकिन दोस्त ने रुपए देने से मना किया और दोनों के बीच झगड़ा हो गया। आरोपी वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। अगले दिन सुबह राहगीरों ने पुलिस को जानकारी दी। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने सर्विलांस की मदद से हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी सौम्या सिंह ने बताया कि घटना के समय आरोपी शराब के नशे में धुत था। पुलिस ने हत्यारोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त पत्थर (ईंट का हिस्सा) भी बरामद कर दिया है। बुलंदशहर का रहने वाला पिंटू सिंह (31) बरौला गांव स्थित साईं ढाबे पर काम करता था। केबल की दुकान पर काम करने वाले अमरोहा निवासी मोनू सिंह से उसकी दोस्ती थी। 6 सितंबर को रात करीब आठ बजे पिंटू ने ढाबे से पांच सौ रुपए लिए और मोनू के साथ निकल गया। दोनों शराब के ठेके पर पहुंचे। आरोप है कि यहां पर मोनू और पिंटू के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। बरौला टी प्वाइंट के पास स्थित झाड़ियों के पास जब दोनों पहुंचे, तो मोनू ने शराब के नशे में पिंटू के सिर पर ईंट के वार कर हत्या कर दी। आरोपी शव को झाड़ियों में छिपाकर फरार हो गया। पूछताछ और जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने मोनू को सेक्टर-47 की लालबत्ती से गिरफ्तार कर लिया।

पिंटू करीब पांच साल पहले रोजगार की तलाश में नोएडा आया था। कासना सहित कई अन्य जगहों पर ढाबे और होटल में उसने नौकरी की। फिलहाल में वह बरौला गांव स्थित ढाबे पर नौकरी कर रहा था। पिंटू के माता-पिता की मौत हो चुकी है। भाई सहित घर के अन्य सदस्यों का खर्चा पिंटू ही भेजता था।

ठेका दिलाने के नाम पर महिला से 25 लाख रुपए हड़पे, मुकदमा दर्ज

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 8 सितंबर।

थाना बीटा टू इलाके में एक महिला ने दो लोगों के खिलाफ ठेका दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपए हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि काम नहीं होने के बाद आरोपियों ने रकम लौटाने से मना दिया।

ग्रेटर नोएडा निवासी एक महिला ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह और उसके पति भवन निर्माण का काम करते थे। कुछ साल पहले उनकी मुलाकात संजीव गंगवार और आलोक त्यागी से हुई। दोनों ने उन्हें अच्छा ठेका दिलाने का झांसा दिया और उनसे 25 लाख रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद भी दोनों आरोपियों ने उन्हें ठेका नहीं दिलाया और लगातार टरकाते रहे। महिला के मुताबिक करीब दो साल पहले उनके पति का देहांत हो गया। जिससे उनके सामने आर्थिक परेशानियां खड़ी हो गईं। उन्होंने संजीव गंगवार और आलोक से रकम वापस मांगी, तो उन्होंने देने से साफ इनकार कर दिया।

जमीन के नाम पर ढाई करोड़ ठगे

थाना फेस थ्री क्षेत्र में एक व्यक्ति ने दो लोगों पर मामूरा गांव में जमीन बेचने के नाम पर ढाई करोड़ रुपए की ठगी का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार के मुताबिक आदित्य चौहान ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि मामूरा गांव स्थित एक जमीन को बेचने के लिए अजय कुमार और जुगल किशोर ने उसके पिता से संपर्क किया था। सौदा ढाई करोड़ रुपए में तय हुआ। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने तय समय पर जमीन के एवज में रकम अदा कर दी। उसके बाद दोनों आरोपियों ने धोखाधड़ी कर उनके रुपए हड़प लिए और जमीन पर कब्जा नहीं दिया।

फर्जी आधार बनाकर ऋण दिलाने वाले तीन लोग गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 8 सितंबर।

थाना सेक्टर 63 पुलिस ने शुक्रवार को बैंक का सिबिल स्कोर खराब होने पर फर्जी आधार और पैन कार्ड के जरिए ऋण दिलाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी अमित कुमार मान के मुताबिक आरोपियों की पहचान संजीत, जितेंद्र और आकाश हुई है। इनके पास से छह लैपटाप, 11 टैबलेट, एक वेब कैम कैमरा, दो आइ स्कैनर मशीन, दो बायो मैट्रिक मशीन, छह आधार कार्ड अलग अलग नाम से, एक सिलिकोन का अंगूठा निशान समेत बड़ी संख्या में आधार कार्ड व पैन कार्ड बनाने के प्लास्टिक स्मार्ट कार्ड मिले है। बताया गया कि आरोपी एक व्यक्ति के दो -दो आधार कार्ड बनाते थे। उन फर्जी आधार कार्ड से नए नाम के पैन कार्ड भी बनाए जाते थे।

हुनर जी20 शिखर सम्मेलन स्थल पर लगी प्रदर्शनी में अपने कौशल का कमाल दिखाता एक कलाकार।

अस्पताल ने मरीज के बिल के भुगतान में अदालत से मदद मांगी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 सितंबर।

मूलचंद अस्पताल ने दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा है कि उसके यहां 2017 से भर्ती अमेरिका के न्यूयार्क की अल्जाइमर रोगी 84 वर्षीय एक स्त्री रोग विशेषज्ञ की स्थिति बिगड़ गई है। अस्पताल ने अदालत से इस मरीज के करीब 52 लाख रुपए के चिकित्सा बिल के भुगतान में मदद मांगी है।

सुंदरी जी भागवनानी को 2017 में उनके भाई अस्पताल लेकर आए थे जिनका अपनी एक याचिका के लंबित रहने के दौरान निधन हो गया था। भागवनानी के भाई ने अदालत से अपनी बहन के स्वास्थ्य की देखभाल करने एवं मेडिकल बिल का भुगतान करने के लिए उन्हें अभिभावक नियुक्त किए जाने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति पुरुषैंद्र कुमार कौरव ने अस्पताल की अर्जी पर दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई नवंबर के लिए निर्धारित कर दी। अस्पताल ने अदालत से अपनी अर्जी में आग्रह किया है कि महिला चिकित्सक के 51,97,329 रुपए के चिकित्सा बिल का भुगतान कराने में मदद की जाए। चूंकि भागवनानी अपनी याददाश्त खो बैठी हैं और उनकी देखभाल के लिए कोई रिश्तेदार आगे नहीं आया है, ऐसे में उच्च न्यायालय ने इस मामले में पिछले साल एक अदालत मित्र नियुक्त किया था। अदालत ने इहबास से रोगी की स्थिति का परीक्षण करने और उपाय सुझाव को भी कहा।

TEERTHANKER MAHAVEER UNIVERSITY Moradabad
Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC
www.tmu.ac.in
LAST OPPORTUNITY FOR MBBS/BDS ADMISSION THROUGH MOP-UP ROUND
ONLINE COUNSELING OF UP NEET UG - 2023
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन
08 सितम्बर 2023 से 11 सितम्बर 2023 तक
TEERTHANKER MAHAVEER MEDICAL COLLEGE | TEERTHANKER MAHAVEER DENTAL COLLEGE
(Recognized by Govt. of India)
MBBS 16th Batch | BDS 19th Batch
ADMISSIONS STRICTLY THROUGH UP NEET UG COUNSELING
NEET QUALIFIED CANDIDATES ARE ADVISED TO REGISTER THEMSELVES ON GOVT. OF U.P. WEBSITE https://upneet.gov.in
& FOR MORE INFORMATION VISIT www.dgme.up.gov.in
Special Scholarship to Jain Candidates in Tuition Fees (Entire Program)
Preference will be given to Jain aspirants
U.P. DOMICILE NOT REQUIRED
(OPEN FOR ALL INDIA NEET QUALIFIED CANDIDATES)
Contact For Admissions
MBBS 9568518000, 9568519000 director.admin@tmu.ac.in
BDS 9410095005, 9808723156 drankita.dental@tmu.ac.in

कबाड़ी से रिश्वत मांगने वाला सिपाही बर्खास्त, जांच अधिकारी निलंबित

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 8 सितंबर।

थाना रबूपुरा क्षेत्र के भाईपुर गांव में कबाड़ की दुकान चलाने वाले व्यक्ति से एक लाख रुपए रिश्वत मांगने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस आयुक्त ने आरोपी सिपाही को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही मामले में जांच अधिकारी को भी निलंबित कर थाना रबूपुरा प्रभारी के खिलाफ भी जांच शुरू कर दी गई है। रिश्वत मांगने की आडियो सोशल मीडिया में प्रसारित हुआ था।

गौरतलब है कि पिछले दिनों रबूपुरा पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने के आरोप में एक कबाड़ी समेत चार लोगों को जेल भेजा था। इस मामले में कुछ लोगों को रुपए लेकर छोड़ने का आरोप भी पुलिस पर लगा था। इसी प्रकरण की आड़ में थाना रबूपुरा में तैनात सिपाही अंकित बालियान भाईपुर गांव में कबाड़ की दुकान चलाने वाले वसीम से एक लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहा था। रुपए ना देने पर आरोपी सिपाही कबाड़ी को मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दे रहा था। पीड़ित वसीम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर इसकी शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। आरोपी सिपाही द्वारा डरा धमकाकर हर माह 25 हजार रुपए वसूलने का आरोप भी लगाया था। रिश्वत मांगने का आडियो गुरुवार को सोशल मीडिया में तेजी से साझा हुआ था।

‘ग्रैप’ को लेकर जिला प्रशासन ने कसी कमर

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 8 सितंबर।

एक अक्तूबर से लागू होने वाले ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) को लेकर जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने तैयारी शुरू कर दी है। सूरजपुर स्थित जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में शुक्रवार को जिला पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक में डीएम मनीष कुमार वर्मा ने जनपद के तीनों औद्योगिक विकास प्राधिकरण के ठेकेदारों के साथ कार्यशाला आयोजित करने को कहा है। ताकि वायु प्रदूषण की रोकथाम की जा सके।

साथ ही एकल इस्तेमाल योग्य पालिथीन के उपयोग को कम करने के लिए नगर निकाय और प्राधिकरणों के स्तर से कपड़े के थैले आदि बांटे जाने को जरूरी बताया। साथ ही पालिथीन की थैली का उपयोग करने वालों पर जुर्माना लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा है। एनजीटी व प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं गंगा समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

प्रपत्र– 'जी' (तीसरा)
अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
मैसर्स एसआरएस रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का रियल एस्टेट में हरियाणा में परिचालन
भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए (1) के अधीन

प्रासंगिक विवरण

1.	कॉर्पोरेट देनदार का नाम साथ में पैन/सीआईएन/एलएलपी नं.	एसआरएस रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड सीआईएन:L65910HR1990PLC040431
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	एसआरएस मल्टीप्लेक्स, टॉप फ्लोर सिटी सेंटर, सैक्टर–12 फरीदाबाद, हरियाणा–121007
3.	वेबसाइट का यूआरएल	https://srsrealinfracirp.in/
4.	उस स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं	फरीदाबाद, रेवाड़ी, पंचकूला, पलवल, रोहतक (सभी स्थान हरियाणा राज्य में हैं)
5.	मुख्य उत्पादों / सेवाओं की स्थापित क्षमता	वाणिज्यिक और आवासीय परियोजनाओं का विकास और निर्माण
6.	मुख्य उत्पादों की मात्रा और मूल्य / पिछले वित्तीय वर्ष में बेची गई सेवाएं	उपलब्ध के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में कॉर्पोरेट देनदार का कोई संचालन नहीं हुआ है
7.	कर्मचारियों / कामगार की संख्या	शून्य
8.	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूची के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं	गोपनीय उपक्रम प्रस्तुत कर cirp.srsreal@gmail.com पर ई–मेल द्वारा आवश्यक विवरण मांगा जा सकता है
9.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है	योग्यता मानदंड वेबसाइट https://srsrealinfracirp.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है
10.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	24 सितंबर 2023
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतरिम सूची जारी करने की तिथि	04 अक्टूर 2023
12.	अंतरिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	09 अक्टूर 2023
13.	ईओआई जमा करने के लिए संसाधित ईमेल आईडी	cirp.srsreal@gmail.com

हस्ता/–
अमरपाल
समाधान प्रोफेशनल, एसआरएस रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-001/IP/P-01584/2018-2019/12411
एएफए वैध: 23.11.2023 तक
तिथि: 09.09.2023
स्थान: नई दिल्ली पता: ई–11, लोअर ग्राउंड फ्लोर, जंगपुरा एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110014

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद्
(वाणिज्यिक विभाग)
पालिका केंद्र, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
उपभोक्ताओं के लिए सार्वजनिक सूचना

एनडीएमसी द्वारा बिलिंग एप्लिकेशन को नए प्लेटफॉर्म पर स्विच करने के कारण, पानी और बिजली बिल का सृजन प्रभावित हुआ। अब बिलिंग चक्र अगस्त, 2023 के पानी और बिजली के बिल सृजित हो गए हैं और डाउनलोड तथा भुगतान के लिए एनडीएमसी वेब पोर्टल (http://ewbilling.ndmc.gov.in/) पर उपलब्ध हैं। एनडीएमसी के पानी और बिजली बिल के सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपने बिल का भुगतान या तो ऑनलाइन (डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई, भीम आदि) या निम्नलिखित एनडीएमसी सुविधा केंद्रों पर ऑफलाइन करें:

क्र.सं.	काउंटर	दिन/समय	पता
1	पालिका सुविधा केंद्र	सोम–शुक्र 9:00 बजे पूर्वा. से 3:00 बजे अप.	पालिका सुविधा केंद्र, शहीद भगत सिंह प्लेस, गोल मार्केट, नई दिल्ली
2	पालिका भवन	सोम–शुक्र 9:00 बजे पूर्वा. से 3:00 बजे अप.	पालिका भवन, एम–57, सेक्टर–13, आर.के.पुरम, नई दिल्ली
3	संसदीय सौध	सोम–शुक्र 10:00 बजे पूर्वा. से 3:00 बजे अप.	कक्ष सं. 314, संसद भवन सौध, नई दिल्ली

पानी एवं बिजली बिल से संबंधित किसी भी पूछताछ के संबंध में, उपभोक्ता शहीद भगत सिंह प्लेस, नई दिल्ली में कमरा नंबर 226 (दूसरी मंजिल) पर संपर्क कर सकते हैं या हमें customercare_billing@ndmc.gov.in पर ईमेल कर सकते हैं।
• सटीक मोबाइल नंबर और ईमेल पते के साथ ई–केवाईसी अपडेट करने के लिए, http://online.ndmc.in/ekyc/ लिंक पर जाएं।
• बिजली और पानी पर रु. 20/– प्रति बिल का इंसेंटिव पाने के लिए ई–बिल का विकल्प चुनें।
असुविधा के लिए खेद है।
निदेशक (वाणिज्यिक)
नई दिल्ली नगरपालिका परिषद

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
बामर लॉरी एंड कं. लिमिटेड
में
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैं।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 3/10/2023 हैं।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 12/10/2023 हैं।
जानकारी के लिए वेबसाइट
http://www.pesb.gov.in
में लॉग इन करें।

दिल्ली पुलिस
॥ अतिथि देवो भव: ॥
G20
जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान समर्पित एम्बुलेंस सहायता
हेल्पलाइन 6828400604

कृपया यातायात दिशानिर्देशों का पालन करें
निम्नलिखित लिंक पर जाकर जी-20 वर्चुअल हेल्प डेस्क पर जाएं:
https://traffic.delhipolice.gov.in/dtpg20info
इसके अतिरिक्त, अधिक जानकारी के लिए दिल्ली यातायात पुलिस और दिल्ली पुलिस की वेबसाइट पर दिए गए DTP G20 Info लिंक पर जाएं।
जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान सटीक मानचित्र और मार्गदर्शन के लिए, कृपया मैपल्स MapmyIndia ऐप, भारत के अपने स्वदेशी मानचित्र ऐप का उपयोग करें। Mappls.com/getApp से निःशुल्क डाउनलोड करें
DP/9605/2023
आप हमसे जुड़ें: @dtptraffic @dtptraffic @dtptraffic traffic.delhipolice.gov.in
24 घंटे दिल्ली यातायात पुलिस हेल्पलाईन 1095 / 25844444
यातायात प्रहरी बनें एप डाउनलोड करें App Store व Google Play
पुलिस आयुक्त, दिल्ली को ई-मेल करें cp.sanjayarora@delhipolice.gov.in | लिखें: पुलिस आयुक्त, दिल्ली को, पो.ऑ. बॉक्स नं. 171, जी.पी.ओ., नई दिल्ली पर
तुरंत पुलिस सहायता के लिए 112 नम्बर पर कॉल करें
यातायात व्हाट्सएप हेल्पलाइन 8750871493

www.readwhere.com

महिला सुरक्षा को लेकर संजीदा हुई हरियाणा पुलिस गुरुग्राम, रोहतक से शुरू होगी सेफ सिटी कैंपेन

स्कूल, कालेज, फैक्ट्री में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर हरियाणा पुलिस अब कुछ ज्यादा ही संजीदा नजर आ रही है। सेफ सिटी कैंपेन के तहत पुलिस द्वारा स्कूल, कालेज, फैक्ट्री आदि में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत गुरुग्राम व रोहतक को प्रोजेक्ट सिटी के तौर पर फिलहाल चुना गया है। अब कामकाजी महिलाएं व छात्राएं अपना नाम व पता पुलिस में रजिस्टर्ड करवा सकेगी जिससे की किसी भी महिला के साथ अप्रिय घटना के घटने से पूर्व ही पुलिस सहायता के लिए उनके पास पहुंच जाएगी। अब तो आटो में भी आटो चालक को आटो के अंदर अपना फोटो, नाम पता व मोबाइल लिखना अनिवार्य होगा।

> पुलिस महानिदेशक ने कहजा कि राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखना और लोगों विशेषकर महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। महिलाओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से राज्य में जल्द ही सेफ सिटी परियोजना शुरू की जाएगी।

इसलिए आवश्यक

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर कानून व्यवस्था की समीक्षा करने फरीदाबाद पहुंचे थे। जहां पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पुलिस महानिदेशक के साथ एडीजीपी लॉ एंड ऑर्डर ममता सिंह भी मौजूद थी। पुलिस महानिदेशक ने सम्मान गार्द से सलामी ली और इसके बाद उन्होंने फरीदाबाद के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। जिसमें पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के साथ संयुक्त पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल, डीसीपी हेडक्वार्टर हेमेंद्र कुमार मीणा, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा, डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान, डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना सर्वोच्च प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखना और लोगों विशेषकर महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। महिलाओं में सुरक्षा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से राज्य में जल्द ही सेफ सिटी परियोजना शुरू की जाएगी ताकि महिलाएं अपने आपको कार्यस्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक परिवहन में पूरी तरह से सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य महिला में सुरक्षा की भावना को बढ़ाना है और उनके माता-पिता की चिंता को काम करना है। इसके लिए रात के समय यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा के लिए ओला, उबर व ऑटो चालकों का डाटा एकत्रित किया जाएगा। जो महिलाएं देर रात यात्रा करती हैं वह 112 नंबर पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं जिससे पुलिस के पास उनका नंबर स्थाई रूप से फीड हो जाएगा। यात्रा करने वाली महिलाएं किसी भी कैब या ऑटो से यात्रा करते समय अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से चालक की फोटो खींचकर 112 पर भेज सकती हैं जिससे पुलिस को पता लग जाएगा कि वह महिला किस वाहन में यात्रा कर रही है। जरूरत पडने पर पुलिस उस वाहन चालक या उसमें बैठी महिला को आसानी से संपर्क कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सभी के लिए प्रेरणादायी बनें

फरीदाबाद। सेक्टर 82 स्थित फ्लोरिडा सोसाइटी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। सोसाइटी ने विधायक राजेश नागर को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया। जहां नागर ने भगवान श्री कृष्ण का अभिषेक किया और लोकमंगल के लिए प्रार्थना की।आरडब्ल्यूए फ्लोरिडा सोसायटी ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी सबसे अलग अंदाज व भव्य तरीके से आयोजित की।

रोडरेज में कार ठोकने के बाद युवक से मारपीट

गुरुग्राम । राजेंद्रा पार्क थाना एरिया में द्वारका एक्सप्रेसवे पर रोडरेज का मामला सामने आया है। जिसमें कैंटर चालक ने कार को ठोकने के बाद अपने साथियों से मिलकर कार चालक से जमकर मारपीट की। घायल पीड़ित को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली पुलिस ने वारदात की राजेंद्रा पार्क थाना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

28 अपराधियों के खिलाफ जिलाबदर करवाई

गाजियाबाद । गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर रेट पुलिस ने 26 अपराधियों को 6 माह के लिए जिला बदर किया है। पुलिस का कहना है कि यह लोग अपराधी किस्म के लोग हैं और अपराध करने के अभ्यस्त हैं। इनकी गतिविधियों से समाज में अशांति फैल सकती है। जिला बदर किए जाने वालों में सोनू अपार त्यागी ,चांदू, कुलदीप, इमरान आदि के नाम शामिल है।

कबूतर पालने को लेकर दोस्त को चाकू से मार डाला

गाजियाबाद। थाना टीला मोड़ क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर को कबूतर पालन के विवाद में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की चाकू से गोद कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । एसीपी शालीमार गार्डन सूर्य बली मौर्य ने बताया कि अजय और योगेंद्र कबूतर पालन करते थे। दोनों के बीच विवाद हो गया। योगेंद्र ने 32 वर्षीय अजय पर चाकू से हमला कर दिया। अजय को तत्काल शाहदरा स्थित गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चोरी के शक में युवक को पीट-पीट कर मार डाला

गाजियाबाद। थाना टीला मोड़ इलाके में चोरी के शक में युवक को भीड़ ने पीटपीट का मार डाला।

पुलिस ने 3 को गिरफ्तार किया है जबकि बाकी की तलाश जारी है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पुलिस को डायल 112 के माध्यम से थाना टीला मोड क्षेत्रान्तर्गत अनिल पुत्र पप्पू का शव पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया ।

जी-20 शिखर सम्मेलन: बिना टेंडर खोले PWD ने करा दिए 11 करोड़ के काम

अभी तो बजट भी पास होना बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

> जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर नगर निगम ने बिना टेंडर खोले ही 11 करोड़ रुपये के कार्य करा दिया है। टेंडर न खुलने की वजह शासन से अभी बजट नहीं मिलना है। अब सवाल यह है कि यदि टेंडर में किसी दूसरे ठेकेदार को नियम के तहत कार्य मिलता है तो कार्य करने वाले ठेकेदार को कैसे भुगतान किया जाएगा?

जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर नगर निगम ने बिना टेंडर खोले ही 11 करोड़ रुपये के कार्य करा दिया है। टेंडर न खुलने की वजह शासन से अभी बजट नहीं मिलना है। अब सवाल यह है कि यदि टेंडर में किसी दूसरे ठेकेदार को नियम के तहत कार्य मिलता है तो कार्य करने वाले ठेकेदार को कैसे भुगतान किया जाएगा? इसी तरह ही नगर निगम ने भी बिना टेंडर खुले लाखों रुपए के कार्य करा दिए हैं। जिस पर पूर्व में सवाल उठा था।

खास बातें

- हिंडन एयरपोर्ट पर भी विदेश से अतिथि आएंगे जो एलिवेटेड रोड होते हुए दिल्ली जाएंगे
- टेंडर आमंत्रित किए गए हैं, जिसे अभी खोला नहीं गया है

अब तक नहीं मिला बजट

इन कार्यों के लिए 11 करोड़ रुपए का बजट चाहिए था, जिसका प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित किया गया था, लेकिन अब तक बजट नहीं मिला है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने दावा किया है कि ज्यादातर कार्य पूरे करा लिए गए हैं। इस बारे में लोक निर्माण विभाग खंड दो के अधिशासी अभियंता, रामराजा ने कहा कि'जी-20 की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी के निर्देश पर लगभग 11 करोड़ रुपए के कार्य करा दिए गए हैं, इन कार्यों के टेंडर आमंत्रित किए गए हैं, जिसे अभी खोला नहीं गया है। अति आवश्यक कार्य होने के कारण टेंडर खुलने से पहले कार्य कराए गए हैं। शासन से जल्द ही बजट मिलने की उम्मीद है, इसके बाद टेंडर खोला जाएगा।'

गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पर भी आएंगे विदेशी मेहमान

जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है, जिसमें शिरकत करने के लिए 19 देशों के प्रमुख आएंगे। हिंडन एयरपोर्ट पर भी विदेश से अतिथि आएंगे जो एलिवेटेड रोड होते हुए दिल्ली जाएंगे।
लोक निर्माण विभाग ने अर्थला मेट्रो स्टेशन और मोहन नगर मेट्रो स्टेशन के पास जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त जीटी रोड को सीसी रोड बनाने, मोहन नगर चौराहे से मेरठ तिराहे बीच सड़क क्षतिग्रस्त की मरम्मत, ज्ञानी बार्डर से मेरठ तिराहे के बीच नौ किलोमीटर तक सड़क की मरम्मत, रंगाई पुताई और सुंदरीकरण का कार्य जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर कराने की तैयारी की थी। इसके अलावा यूपी गेट से मोहन नगर चौराहा, ज्ञानी बार्डर से मेरठ तिराहा, मोहन नगर चौराहे से भोपुरा तिराहे तक और वजीराबाद रोड पर रोड सेफ्टी के तहत लेन मार्किंग, दिशासूचक बोर्ड लगाने और जेब्रा क्रासिंग का निशान बनाने की तैयारी की थी।

- क्षतिग्रस्त जीटी रोड को सीसी रोड बनाने जैसे कई निर्माण कार्यों पर किया खर्च

मशरूम की खेती के लिए

लोन दिलाकर किसान को लगाई 20 लाख की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम।

सदर थाना एरिया में कंपनी एजेंट द्वारा मशरूम की खेती के लिए लोन दिलाकर किसान को 20 लाख की चपत लगाने का मामला सामने आया है। एजेंट ने किसान को झांसे में लेकर उसके दस्तावेज से फर्जी तरीके से लोन स्वीकृत कराया और उस रकम को अपने अकाउंट में ट्रांस्फर करा लिया। शिकायत मिलने पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में पलवल के हथीन निवासी महेंद्र लाल ने कहा कि उन्होंने मशरूम प्लांट लगवाने के लिए सोहना के नवीन कुमार से संपर्क किया था। नवीन कुमार कई कंपनियों के साथ संपर्क में हैं और वह किसानों के लिए नेट प्लांट और मशरूम खेती के लिए कार्य करने के साथ ही उन्हें बैंक से लोन सुविधा उपलब्ध कराते हैं। मशरूम प्लांट की बातचीत के साथ ही उन्होंने नवीन से खेती के लिए लोन कराने के लिए भी कहा। जिस पर नवीन के कहने पर महेंद्र लाल ने अपने व बेटे प्रदीप के दस्तावेज उसे दे दिए थे। नवीन ने उनके व उनके बेटे प्रदीप के नाम पर

20 लाख रुपए का लोन करवा लिया। लोन की रकम को उनसे एक फर्जी बैंक खाता खुलवाकर उसमें ट्रांसफर कराया गया। जहां से यह रकम नवीन ने अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर ली। किसान को इस फर्जीवाड़े के बारे में तब पता चला जब उसके पास एचडीएफसी बैंक की एक चेक बुक आई। जिसमें उनका नाम लिखा हुआ था जबकि मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी किसी दूसरे व्यक्ति की थी। इस पर सेक्टर-47 के एसएस प्लाजा का एड्रेस भी लिखा हुआ था। दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो पता लगा कि यह नंबर नवीन का है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर पुलिस का अनोखा अभियान

दोपहिया वाहन चालकों को चेकिंग के दौरान बांटे हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य निर्देशानुसार पर कार्रवाई करते हुए डीसीपी बल्लबगढ राजेश दुग्गल के मार्ग दर्शन में थाना सेक्टर-8 प्रबंधक इंस्पेक्टर नवीन और पुलिस चौकी सेक्टर-11 प्रभारी कर्मवीर सिंह की टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर हेलमेट बांटने का अभियान चलाया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की आज थाना सेक्टर-8 की टीम ने दोपहिया वाहन बिना हेलमेट के चालको को हेलमेट बाटने का अभियान चलाया है। ये हेलमेट एक निजी कम्पनी की सहायता से आज संदीप राठी, अमित श्योराण, अमित सिन्हा, आनन्द खन्तवाल, कीर्ति सिंह, वन्दना मेहता, विनोद आहूजा

इत्यादी के साथ सेक्टर-8 प्रबंधक की टीम ने के साथ मिलकर सैक्टर-10-11 नाके पर आज चेकिंग के दौरान दुपहिया वाहन चालको को 100 हेलमेट बांटे गए है। यह अभियान आने वाले मंगलवार तक चलेगा। इस अभियान के तहत मंगलवार तक विदाउट हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट बांटे जाएंगे। दोपहिया वाहन चालको को जागरुक करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट जरुरी है। इससे अपनी सेफ्टी अपने हाथ है। हमे वाहन को रोड पर दर्शाई गई स्पीड से ज्यादा स्पीड से नही चलाना चहिए साथ ही दुपहिया वाहन को बिना हेलमेट के कभी नही चलाना चाहिए। हमें वाहन को निर्धारित लाईन में ही चलाना चाहिए। वाहन चलाने से पहले ब्रेक क्लिच चैक करनी चाहिए की उचित काम कर रही है। बारिश के समय हमें वाहन को अधिक स्पीड में नही चलाना चाहिए। इससे कोई भी दुर्घटना हो सकती है। हमें रोड़ पर ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए।

आशा वर्कर की हड़ताल जारी

फरीदाबाद। आशा वर्कर की हड़ताल 32 दिन में प्रवेश 10 सूत्रीय मांगों का समाधान करने की बजाय आंदोलन को लंबा खींच कर कुचलना चाहती है, सरकार यह आरोप आज सरकार पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य अध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने स्थानीय बीके चौक पर आशाओं द्वारा आयोजित विरोध सभा को संबोधित करते हुए लगाया। शास्त्री ने कहा कि यदि सरकार ने प्रदेश की आशाओं की 10 न्यायोचित मांगों को बातचीत के माध्यम से बैठकर हल नहीं किया तो प्रदेश के कर्मचारी संगठन भी आशा वर्कर के समर्थन में प्रदेश की सडक़ों पर उतरेंगे।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	I. आकार 23''×36''/60 जीएसएम वजन 16 कि.ग्रा. प्रति रिम के व्हाइट पेपर के 1000 रिम्स II.आकार 23''×36''/170 जीएसएम के आर्ट पेपर (व्हाइट) के 180 पैकेट (250 शीट प्रति पैकेट) की खरीद।	06.09.2023 03.10.2023	24.50 लाख	http://mdu.ac.in	01262-293040 manager.press@mdurohtak.ac.in
2	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	स्टेशनरी मदों की खरीद।	08.09.2023 03.10.2023	98.05 लाख	www.mdu.ac.in	9896524165 ar.ps@mdurohtak.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/20906/I/88/7 दि. 08.09.23

संजय कॉलोनी में लावारिस अवस्था में मिले 2 नाबालिग बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने लावारिस अवस्था में मिले 2 नाबालिग बच्चों के परिजनों को तलाश कर सौंप दिया है। बच्चों की उम्र क्रमशः आठ व छह वर्ष है।

दोनों बच्चे लावारिश अवस्था में संजय कॉलोनी मुजेसर एरिया में घूमते हुए मिले। पूछताछ करने पर बच्चे पता बताने में असमर्थ थे। बच्चों को फरीदाबाद के चैरिटेबल सोसाइटी एनजीओ में छोड़ा गया। इस संबंध में पुलिस चौकी संजय कॉलोनी में सूचना दी गई।

बच्चों के फोटो पुलिस के द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुपों व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से फरीदाबाद की सभी पुलिस थाने व चौकी में भेजा गया। पुलिस टीम क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने गुमशुदा बच्चों को सीडब्ल्यूसी के सम्मुख पेश कर, पुलिस टीम द्वारा परिजनों को अपने बच्चों का ध्यान रखने की सख्त हिदायत दी गई। गुमशुदा बच्चों के परिजन बच्चों को देखकर अति प्रसन्न हुए उन्होंने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

तालाबों को लेकर डीपीआर लंबित पड़ी थी, विधायक ने विधानसभा में उठाया था सवाल

डबुआ के जर्जर तालाब के निर्माण का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एनआईटी विधायक नीरज शर्मा एनआईटी विधानसभा के गांव डबुआ के जर्जर तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि एनआईटी विधानसभा के 12 जर्जर पड़े तालाबों का जीणोद्धार होना है जिसमें गांव बजरी तालाब नम्बर-31, गांव बजरी तालाब नम्बर-30-32, गांव गौंछी तालाब नम्बंर-149, गांव डबुआ तालाब नम्बंर-65, गाजीपुर तालाब नम्बर-31/32, गांव झाडसैतली तालाब नम्बर-117, 163, गांव गौछी तालाब नम्बर-146,148, गांव

नंगला गुजरान तालाब नम्बर-48 शामिल है। एनआईटी विधानसभा के तालाबों की डीपीआर बनकर काफी समय से लम्बित पड़ी थी लेकिन कार्य नही हो पा रही था, इस मामले को लेकर विधानसभा सत्र मार्च 2021 में प्रश्न संख्या 346 लगाया था। जिसपर सरकार ने जवाब दिया था कि जल्द से जल्द तालाबों का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज गांव डबुआ के जर्जर तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया है जिसका जीर्णोद्धार लगभग 80 लाख की लागत से किया जाएगा। इसके साथ ही गांव बाजरी के तालाब नम्बंर-31 का भी वर्क आर्डर जारी हो गया है जिसका कार्य लगभग 29 लाख 50 हजार की लगत से होगा।

इस मौके पर एसडीओ अमित चौधरी, दीन दयाल नंबरदार, करमचंद शर्मा, पंकज शर्मा, अशोक त्यागी, मुकेश त्यागी, पुष्पेंद्र त्यागी, बिजेंद्र त्यागी, बिजेंद्र, नंदकिशोर त्यागी शुभम टेंट हाउस आदि गणमान्य साथी उपस्थित रहे।

प्रपत्र—'जी' (तीसरा)
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

मैसर्स एसआरएस रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का रियल एस्टेट में हरियाणा में परिचालन

